25/02/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि असम अब असीमित संभावनाओं का केंद्र और दक्षिण पूर्व एशिया तथा भारत का प्रवेश द्वार है। प्रधानमंत्री ने आज गुवाहाटी में एडवांटेज असम 2.0 निवेश और अवसंरचना शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। राजनयिकों, प्रमुख उद्योगपतियों, विदेशी प्रतिनिधियों की एक बड़ी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि असम पूर्वी भारत का विनिर्माण केंद्र बनेगा और उन्होंने उद्योगपतियों से इस रणनीतिक स्थान का लाभ उठाने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने बताया कि उनकी सरकार इस क्षेत्र में कनेक्टिविटी, बुनियादी ढांचे में सुधार और स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने पर काम कर रही है।
PM BYTE

0000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनायक ने न्योकुम उत्सव के शुभ अवसर पर राज्य के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई है कि यह उत्सव हम सभी के जीवन में खुशी, सद्भाव और नई ऊर्जा लाएगी। राज्यपाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में सबसे लोकप्रिय त्योहारों में से एक न्योकुम, न्यीशी समुदाय की बहुमूल्य परंपराओं एवं मूल्यों को दर्शाता है। उन्होंने विश्वास व्यक्ति किया है कि न्यीशी समुदाय के युवा, नेता और सम्मानित सदस्य आने वाली पीढ़ियों के लिए इस अमूल्य सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

0000000000000000000000000

भारतीय चुनाव आयोग द्वारा आगामी 4 और 5 मार्च, 2025 को भारतीय अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं चुनाव प्रबंधन संस्थान, नई दिल्ली में सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों के साथ दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है। श्री ज्ञानेश कुमार के मुख्य चुनाव आयुक्त का पदभार संभालने के बाद से यह पहला ऐसा सम्मेलन है। दो दिवसीय सम्मेलन क उद्देश्य राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के चुनाव अधिकारियों को विचार-विमर्श करने और एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने के लिए एक मंच प्रदान करना है।

0000000000000000000000000

महाराष्ट्र के चंद्रपुर वन प्रशासन, विकास और प्रबंधन अकादमी के रेंज वन अधिकारी प्रशिक्षुओं ने कल सेजोसा के पाक्के टाइगर रिजर्व का दौरा किया। यह यात्रा, 18 महीने के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का एक हिस्सा है, जिसका उद्देश्य वन और वन्यजीव प्रबंधन का अनुभव प्रदान करना है। यह कार्यक्रम भालू पुनर्वास और संरक्षण केंद्र और अवैध शिकार विरोधी शिविर पर केंद्रित था, जहां उन्होंने संरक्षण प्रयासों, आवास प्रबंधन रणनीतियों और कार्रवाई में वन्यजीव सुरक्षा उपायों का अवलोकन किया। पाक्के टाइगर रिजर्व के दौरे ने प्रशिक्षुओं को वन्यजीव संरक्षण, आवास बहाली और वन प्रबंधन में सामुदायिक भागीदारी की समग्र समझ प्रदान की। एक प्रेस बयान के अनुसार यह व्यावहारिक अनुभव वन अधिकारियों के रूप में उनकी भविष्य की भूमिकाओं को आकार देने में सहायक होगा।

0000000000000000000000000

एक विश्वसनीय खुफिया इनपुट पर कार्रवाई करते हुए, एएसआई एस.के.तिवारी के नेतृत्व में कल बांदरदेवा पुलिस द्वारा बांदरदेवा चेक गेट पर मादक पदार्थ तस्करी के प्रयास को सफलतापूर्वक नाकाम करते हुए 150.70 ग्राम हेरोइन जब्त की है। ओसी, बांदरदेवा पुलिस स्टेशन की उपस्थिति में दो संदिग्धों की तलाशी के दौरान उनके कब्जे से हेरोइन बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मादक पदार्थों के सप्लायर का पता लगाने और इस चैंन को खत्म करने के लिए आगे की जांच जारी है।

0000000000000000000000000

गवर्मेंट हायर सेकेंड्री स्कूल ल्होउ में आज तवांग जिला स्वास्थ्य सोसायटी ने भारतीय सेना के सहयोग से एक मेगा हेल्थ कैंप का सफल आयोजन किया। स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन तवांग उपायुक्त कांगकी दारांग एवं तवांग जिला परिषद अध्यक्ष लेकी गोम्बू द्वारा संयुक्त रूप से डिप्टी कमांडर, ईस्ट तवांग ब्रिगेड कर्नल प्रमोद गहलोत, डीएमओ तवांग, एवं अन्य गण्मान्य लोगों की उपस्थिति में की। शिविर में ऑर्थोपेडिक्स, ईएनटी, पिडिएट्रिक्स, गायनॉक्लोजी और जनरल मेडिसीन स्पेसिलिस्ट मौजूद रहें। साथ ही सरकारी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री आरोग्य अरुणाचल और प्रधानमंत्री जन औषधि योजना आदि के लिए रेजिस्ट्रेशन भी किया गया। जांग सब-डिवीजन के ल्होउ सर्कल के अंतर्गत विभिन्न गांवों और बस्तियों के 250 से अधिक ग्रामीणों ने शिविर में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

0000000000000000000000000

ईस्ट सियांग जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, द्वारा लीगल ऐड सेल, फेकल्टी ऑफ लॉ एण्ड फोरेंसिक साईंस एपेक्स प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के सहयोग से कल एक दिवसीय निःशुल्क कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन ईस्ट सियांग जिले के बिलात ब्लॉक के गाव बूढ़ा एवं गाव बूढ़ी के लिए किया गया। इस कार्यक्रम में बिलात ब्लॉक के 70 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

0000000000000000000000000

भारतीय मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए राज्य के वेस्ट कामेंग, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, वेस्ट सियांग, सियांग, ईस्ट सियांग, अपर सियांग, लोअर सियांग, लोअर दिबांग वैली, दिबांग वैली, लोहित, नामसाई, अंजाव, चांगलांग, तिराप, लोंगडिंग, कामले और लेपा-रादा जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने का अनुमान व्यक्त किया है। तवांग जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का भी अनुमान व्यक्त किया गया है।

0000000000000000000000000